नर्सरी-निर्देश-11

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण

6 वी मंजिल, विन्ध्याचल भवन,मध्य प्रदेश भोपाल,
ई-मेल nursaryhorticulture@gmail.com

क्रमांक/उ./नर्सरी-निर्देश/.५०७/2023-24/6789 भोपाल, दिनांक 23/10/2०

प्रति,

उप/ सहायक संचालक उद्यान,
जिला/प्रक्षेत्र................समस्त

विषय:- देशी किस्मों के बीजों का संकलन कर संवर्धन करने के संबंध में।

----00----

व्यवसायिक उत्पादन के लिये प्राय: उत्पादकों द्वारा अधिक उपज वाली निजी कंपनियों द्वारा उत्पादित हायब्रिड/उन्नत किस्मों का उपयोग किया जाता है। इन किस्मों का स्वरूप, स्वभाव एवं अधिक उपज संग्रहण क्षमता इत्यादि विकसित करने के लिये इनके मूल स्वाद एवं पोषकता में बदलाव आता है। इनके उत्पाद के लिये अधिक रासायनिक उर्वरकों एवं विषैले पौध संरक्षण रसायनों का बेतहाशा उपयोग होता है, जो मानव स्वास्थ्य एवं प्रकृति व पर्यावरण के प्रतिकूल होता है। इसी कारण इन सब्जी, मसालों एवं अनाजों में बुनियादि स्वाद एवं सुवांस (Taste and flavour) नहीं मिल पाता है। यद्यपि बहुत सी देशी-पुरानी किस्में लुप्त हो गयी है, अभी भी सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंगन, ककड़ी, गोल लौकी (तुंबी), तोरई, करेला, टमाटर, सेम, बरबटी आदि के कुछ पौधें ग्रामीण कृषकों के घरो के आसपास देखने को मिलते है।

अत: आप अपने जिले में पाई जाने वाली ऐसी सब्जी, मसाला, फल आदि प्रजाति एवं किस्मों के बीज संकलित कर दिनांक 30.10.2023 तक संभाग स्तर पर सुरक्षित, नाम कृषक, पता एवं प्रजाति के विवरण का पत्रक सहित बीज के थैले में रखकर सूची के साथ जमा करावे तथा संचालनालय को अवगत करावें।

उपरोक्त निर्देशों का पालन जिले में उपलब्ध आवंटन के अनुरूप किया जावे, इस हेतु प्रथक से आवंटन प्रदाय नहीं किया जावेगा।

संचालक
उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
म.प्र. भोपाल

क्रमांक/उ./नर्सरी-निर्देश/५०७/2023-24/6790 भोपाल, दिनांक 23/10/2023

प्रतिलिपि:-

1. संयुक्त संचालक उद्यान समस्त की ओर लेख है कि संभाग स्तर से समस्त संकलित बीज की सूची सहित दिनांक 31.10.2023 तक प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र एवं नर्सरी कान्हासैया, भोपाल में जमा करावे, इस कार्य को प्रथम प्राथमिकता देवें।
2. सहायक संचालक उद्यान, प्रशिक्षण केन्द्र एवं नर्सरी, कान्हासैया भोपाल की ओर लेख है कि उक्त बीजों का विवरण पृथक से एक पंजी में संधारित करें तथा आवश्यक सावधानी रखते हुए संकलन, भण्डारण एवं उपयुक्त मौसम के अनुरूप प्रवर्धन हेतु बुवाई करें।

सहायक संचालक उद्यान
उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण
म.प्र. भोपाल